# राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर

(अस्थाई कार्यालय : महिला छात्रावास भवन, बाबूशोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय परिसर, अलवर)
☎ Phone : 0144-2730321, 2730327, 2980046 FAX : 0144-2730321
Website : www.rrbmuniv.ac.in


क्रमांक– रात्रभमवि / अल / परीक्षा / 2024 / 982 दिनांक– 15/01/2024

**सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर 2023**
**समस्त महाविद्यालयों एवं छात्रों के लिए निर्देश**

विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार में अवस्थित समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि सत्र 2023–24 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 (NEP-2020) के अंतर्गत सेमेस्टर प्रणाली लागू हो गई है। इस सम्बन्ध में अकादमिक परिषद की बैठक दिनांक 08.12.2023 में लिये गए निर्णयों का अनुमोदन किया गया है वे निम्नानुसार हैं:–

1. राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 (NEP-2020) के तहत संचालित नियमित पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों / परीक्षार्थियों के अनुरूप एकरूपता की दृष्टि से स्वयंपाठी विद्यार्थियों / परीक्षार्थियों को भी उसी पाठ्यचर्या एवं परीक्षा प्रणाली में सम्मिलित किया जाएगा। अतः सत्र 2023–24 से नियमित विद्यार्थियों / परीक्षार्थियों के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम को स्वयंपाठी विद्यार्थियों पर भी लागू किया गया है। अर्थात् सेमेस्टर प्रणाली के अंतर्गत ही उनकी भी परीक्षाएं आयोजित की जाएगी। नियमित विद्यार्थियों के लिए आन्तरिक मूल्यांकन के अन्तर्गत निर्धारित 20 प्रतिशत अंक के लिए स्वयंपाठी विद्यार्थियों का आन्तरिक मूल्यांकन के स्थान पर लिखित परीक्षा में प्राप्त प्राप्तांकों को अनुपातिक रूप से गणना करके विषय विशेष के प्राप्तांकों में सम्मिलित किया जाएगा।
2. इस वर्ष पहली बार राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 (NEP-2020) लागू की गई है। अतः पठन पाठन विलम्ब से शुरू हो सका तथा साथ ही विधान सभा चुनाव होने के कारण अध्यापन कार्य कुछ हद तक प्रभावित हुए। ऐसी दशा में विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए आगामी सेमेस्टर परीक्षा बहुविकल्पीय प्रश्नों के आधार पर करवाई जाएगी, जिससे विद्यार्थियों के विषय ज्ञान का समुचित आकलन भी हो सकेगा। साथ ही, परीक्षा परिणाम समय से घोषित हो सकेगा तथा अगला सेमेस्टर यथा समय प्रारम्भ हो सकेगा। बहुविकल्पीय परीक्षा प्रणाली का विवरण इस प्रकार है:–
   (i) प्रत्येक प्रश्न–पत्र में **100 बहुविकल्पीय प्रश्न** होंगे, सभी प्रश्नों का उत्तर देना होगा। प्रत्येक प्रश्न में 04 विकल्प (A,B,C,D) होंगे कोई एक विकल्प सही उत्तर होगा। विद्यार्थी को OMR शीट में नीले या काले बॉल पोइन्ट पेन से गोले भरने होंगे।
   (ii) प्रत्येक ऐच्छिक / कोर विषय 150 अंक का होगा जिसका विभाजन इस प्रकार होगा:–
   - ऐसे विषय जिनमें प्रायोगिक परीक्षा सम्मिलित होती है उनमें नियमित एवं स्वयंपाठी विद्यार्थियों की क्रमशः 80 व 100 अंक की लिखित (बहुविकल्पीय प्रणाली से) परीक्षा होगी तथा नियमित विद्यार्थियों का 20 अंकों का आन्तरिक मूल्यांकन होगा एवं नियमित एवं स्वयंपाठी विद्यार्थियों की क्रमशः 40 व 50 अंकों की प्रायोगिक परीक्षा एवं नियमित विद्यार्थियों का 10 अंकों का प्रायोगिक आन्तरिक मूल्यांकन होगी। प्रत्येक प्रश्न नियमित विद्यार्थियों के लिए 0.8 अंक का होगा एवं स्वयंपाठी विद्यार्थियों के लिए 1 अंक का होगा।
   - ऐसे विषय जिनमें प्रायोगिक परीक्षा नहीं होती है उनमें नियमित एवं स्वयंपाठी विद्यार्थियों की क्रमशः 120 व 150 अंक की लिखित (बहुविकल्पीय प्रणाली से) परीक्षा होगी तथा

नियमित विद्यार्थियों का 30 अंकों का अन्तरिक मूल्यांकन होगा। प्रत्येक प्रश्न नियमित विद्यार्थियों के लिए 1.2 अंक का होगा एवं स्वयंपाठी विद्यार्थियों के लिए 1.5 अंक का होगा।

- ड्राइंग एण्ड पेंटिंग एवं भारतीय संगीत विषय में 40 अंक की लिखित (बहुविकल्पीय प्रणाली से) परीक्षा होगी तथा 10 अंकों का आन्तरिक मूल्यांकन होगा एवं 80 अंकों की प्रायोगिक परीक्षा एवं 20 अंकों का प्रायोगिक आन्तरिक मूल्यांकन होगा। प्रत्येक प्रश्न 0.5 अंक का होगा।

(iii) क्षमता संवर्धन पाठ्यक्र (Ability Enhancement Course) के अंतर्गत प्रथम सेमेस्टर में हिन्दी एवं अंग्रेजी विषय को सम्मिलित किया गया है। इनके पूर्णांक क्रमशः 50–50 अंक होंगे नियमित एवं स्वयंपाठी विद्यार्थियों के लिए क्रमशः 40 व 50 अंकों की लिखित (बहुविकल्पीय प्रणाली से) परीक्षा होगी तथा नियमित विद्यार्थियों का 10 अंकों का आन्तरिक मूल्यांकन होगा। नियमित विद्यार्थियों के लिए प्रत्येक प्रश्न 0.4 अंक का होगा एवं स्वयंपाठी विद्यार्थियों के लिए प्रत्येक प्रश्न 0.5 अंक का होगा। क्षमता संवर्धन पाठ्यक्र (Ability Enhancement Course) विषय के प्रश्न पत्रों की परीक्षा की अवधि **01.30 घण्टे** होगी।

(iv) विद्यार्थी हित में यह निर्णय किया गया है कि किसी विद्यार्थी को पूर्ण अंक से अधिक यदि दशमलव में अंक प्राप्त होते है तो उसे अगला पूर्ण अंक ( जैसे 10.2 को 11 अंक) माना जाएगा।

(v) प्रत्येक ऐच्छिक/कोर विषय के प्रश्न पत्रों की परीक्षा की अवधि **02.30 घण्टे** होगी।

(vi) प्रश्न –पत्र में **Easy, Moderate** व **Hard** क्षमता प्रश्नों का स्तर होगा। गलत उत्तर के लिए कोई नकारात्मक अंकन नहीं है।

(vii) नियमित एवं स्वयंपाठी विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा महाविद्यालय स्तर पर ही आयोजित होगी जिसमें बाह्य परीक्षकों की नियुक्ति विश्वविद्यालय द्वारा किये जाने की व्यवस्था यथावत रहेगी। प्रायोगिक परीक्षा हेतु उत्तरपुस्तिका विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध करवाई जायेगी तथा विश्वविद्यालय द्वारा जारी समयावधि में ही प्रायोगिक परीक्षा संपन्न करवाई जाएगी।

(viii) नियमित विद्यार्थियों का विषयानुसार आंतरिक मूल्यांकन महाविद्यालय अपने स्तर पर ही कर अंक पोर्टल पर अपलोड करेंगे।

(ix) पूर्व छात्र **(Ex-Student)** परीक्षार्थियों के आन्तरिक मूल्यांकन के अंक उनके सैद्धान्तिक प्रश्न–पत्र में प्राप्त अंक के अनुपातिक आधार पर प्रदान किए जाएंगे।

(x) प्रथम सेमेस्टर में अनिवार्य विषयों में कौशल विकास पाठ्यक्रम (Skill Enhancement Course), मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम (Value Added Course) एवं क्षमता संवर्धन पाठ्यक्र हिन्दी एवं अंग्रेजी (Ability Enhancement Course) सभी विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य होगी। इनके पूर्णांक क्रमशः 50–50 अंक होंगे। नियमित एवं स्वयंपाठी विद्यार्थियों के लिए क्रमशः 40 व 50 अंकों की लिखित (बहुविकल्पीय प्रणाली से) परीक्षा होगी तथा नियमित विद्यार्थियों का 10 अंकों का आन्तरिक मूल्यांकन होगा।

(xi) कौशल विकास पाठ्यक्रम(Skill Enhancement Course) की लिखित परीक्षा अवधि 01 घण्टा होगी। प्रश्न–पत्र में **40 बहुविकल्पीय प्रश्न** होंगे, सभी प्रश्नों का उत्तर देना होगा। नियमित एवं स्वयंपाठी विद्यार्थियों के लिए क्रमशः 40 व 50 अंकों की लिखित (बहुविकल्पीय प्रणाली से) परीक्षा होगी तथा नियमित विद्यार्थियों का 10 अंकों का आन्तरिक मूल्यांकन होगा। नियमित विद्यार्थियों के लिए प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा एवं स्वयंपाठी विद्यार्थियों के लिए प्रत्येक प्रश्न 1.25 अंक का होगा।

(xii) मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम (Value Added Course) की लिखित परीक्षा अवधि 02 घण्टा होगी। प्रश्न–पत्र में **80 बहुविकल्पीय प्रश्न** होंगे, सभी प्रश्नों का उत्तर देना होगा। नियमित एवं स्वंयपाठी विद्यार्थियों के लिए क्रमशः 40 व 50 अंकों की लिखित (बहुविकल्पीय प्रणाली से) परीक्षा होगी तथा नियमित विद्यार्थियों का 10 अंकों का आन्तरिक मूल्यांकन होगा। नियमित विद्यार्थियों के लिए प्रत्येक प्रश्न 0.5 अंक का होगा एवं स्वयंपाठी विद्यार्थियों के लिए प्रत्येक प्रश्न 0.625 अंक का होगा।

(xiii) पूर्व छात्र (Ex-Student) को सैमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित होना है और प्रायोगिक परीक्षा महाविद्यालय स्तर पर आयोजित होगी।

(xiv) सैमेस्टर पद्धति में कोई पेपर बकाया(ड्यू) रहने की स्थिति में वह ड्यू पेपर उसी सैमेस्टर की आगामी परीक्षा के साथ देना होगा।

(xv) विद्यार्थियों/परीक्षार्थियों को आगाह किया जाता है कि वे राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 (NEP-2020) की मूल भावना के अनुरूप अपनी पाठ्यचर्या/प्रश्न–पत्र से संबंधित ज्ञान का अर्जन करें जिससे विषय के परिप्रेक्ष्य में सूचनाएं/सामान्य व विशिष्ट ज्ञान एवं विवेक सम्मत बौद्धिक विकास हो सके।

(xvi) माननीय प्राचार्यगणों से अनुरोध है कि अपने शिक्षकों के माध्यम से सभी सम्बंधित विद्यार्थियों को परीक्षा से पूर्व/अध्यापन कार्य के दौरान बहुविकल्पीय परीक्षा प्रणाली से भली भांति अवगत करावाएं।

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक– रात्रऋभमवि/अल/परीक्षा/2024/983-88 दिनांक– 15/01/2024

**<u>प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–</u>**

1. परीक्षा शाखा/अकादमिक शाखा।
2. प्राचार्य/सचिव, समस्त सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालय।
3. समस्त नियमित एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थी।
4. वित्त नियंत्रक।
5. निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदय।
6. रक्षित पत्रावली।

परीक्षा नियंत्रक